# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(चौदहवां सत्र)

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 16 मार्च, 2017/ 25 फाल्गुन, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 38**

----

### मुख्य मंत्री आरोग्य पशुधन योजना

***3842 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में मुख्य मंत्री आरोग्य पशुधन योजना कब से चल रही है;

(ख) इसके अन्तर्गत दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक प्रदेश में कितने पशु औषधालय खोले गये; और

(ग) गत तीन वर्षों में इस योजना के अन्तर्गत सरकाघाट विधान सभा चुनाव क्षेत्र में कितने पशु औषधालय खोले गये; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

### कौशल विकास भत्ता

***3843 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत चार वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने लोगों को कौशल विकास भत्ता दिया गया है; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## पार्वती/कोल डैम ट्रांसमिशन लाइन

***3844 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पार्वती/कोल डैम (PKTCL) ट्रांसमिशन लाइन से टावर के साथ स्थित गांव में रह रहे लोगों को करंट लगने के डर से दहशत का माहौल बना हुआ है;

(ख) यदि हां, तो कितने गांव इससे प्रभावित हैं; और

(ग) विभाग द्वारा इस सन्दर्भ में क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों का रख-रखाव

***3845 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) जिला ऊना में लोक निर्माण विभाग के कितने उप-मंडल हैं; और

(ख) गत चार वर्षों में ज़िला ऊना को सड़कों के रख-रखाव और मरम्मत हेतु कितनी धनराशि आबंटित की गई; ब्यौरा उप-मंडलवार दें?

----

## JICA के अन्तर्गत योजनाएं

***3846 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत वर्ष से जिला मण्डी के विकास खण्डों क्रमशः चौंतड़ा व द्रंग में Japan International Cooperation Agency (JICA) द्वारा कितनी योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं और इन पर कितनी धनराशि व्यय होगी; ब्यौरा योजनाओं का नाम सहित दें; और

(ख) इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा विकास खण्डवार व पंचायतवार सभा पटल पर रखें?

----

## ठियोग-खड़ापत्थर-हाटकोटी-रोहडू सड़क

***3847 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 15 फरवरी, 2017 तक ठियोग-खड़ापत्थर-हाटकोटी-रोहडू सड़क निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और इसका कितना कार्य हो चुका है; और

(ख) इस सड़क पर कितनी धनराशि व्यय की जा चुकी है तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## 13वां वित्तायोग

***3848 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश के विभिन्न विकास खण्डों में 13वें वित्तायोग की पंचायत शेयर की धनराशि उपलब्ध करवाई गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह धनराशि खर्च हो चुकी है; ब्यौरा विकास खण्डवार दें;

(ग) यह भी सत्य है कि जिन ग्राम पंचायतों द्वारा यह धनराशि व्यय नहीं की है; सरकार द्वारा उसे वापिस मांगा जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की किन-किन ग्राम पंचायतों से यह धनराशि वापिस मांगी गई है; ब्यौरा ग्राम पंचायतवार दें?

----

## आवास मरम्मत पर व्यय

***3849 श्री सुरेश भारद्वाज (शिमला)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2015 तक शिमला में मन्त्रियों, बोर्डों, निगमों के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष तथा प्रदेश स्तर के अधिकारियों के सरकारी आवासों की मरम्मत पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) इस अवधि में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के कितने नए आवास बनाए गये और पुराने आवासों की मरम्मत हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## Gobind Sagar Reservoir

***3850 Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Ghats are existing on the banks of Gobind Sagar Reservoir in Bangana Tehsil after the construction of Bhakhra Dam;

(b) which Department is carrying out the work of repair and maintenance of these Ghats;

(c) whether these Ghats do fall under the MOU between the BBMB and Government of Himachal Pradesh; and

(d) if so, by when the repair of these Ghats will take place?

----

## विधायक प्राथमिकता

***3851 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत चार वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में किन-किन सड़कों व पुलों को विधायक प्राथमिकता में डाला गया; और

(ख) इन सड़कों व पुलों की क्या DPR बन चुकी हैं; इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## विज्ञापनों से आय

***3852 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत चार वर्षों में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बसों व बस अड्डों पर लगाए गए विज्ञापन किस-किस कम्पनी को कितनी-कितनी अवधि के लिए किस-किस दर पर दिए गये व इनसे निगम को कितनी आय प्राप्त हुई; ब्यौरा डिपोवार दें;

(ख) इन विज्ञापनों को देने के लिए क्या प्रत्येक डिपो द्वारा एक ही प्रक्रिया अपनाई गई या कोई भिन्नता भी रही हैं; यदि हां, तो भिन्नता के क्या कारण रहे; ब्यौरा दें; और

(ग) कुछ बस अड्डे ऐसे भी हैं जहां पर विज्ञापन/होर्डिंग्स से किराया नहीं आ रहा है; विभाग इन से किराया लेने हेतु क्या पग उठा रहा है?

----

## विधायक प्राथमिकता

***3853 श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) दिनांक 01 अप्रैल, 2014 से 31 जनवरी, 2017 तक जिला हमीरपुर की कितनी योजनाओं को विधायक प्राथमिकता में डाला गया; ब्यौरा निर्वाचन क्षेत्रवार दें;

(ख) इसमें से कितनी योजनाओं की डी.पी.आर. बन चुकी है; कितनी योजनाओं की डी.पी.आर. बननी शेष है; और

(ग) कितनी योजनाएं स्वीकृत हो चुकी हैं और कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## Renewal Energy Project

***3854 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that Central Government Renewal Energy Mission has sanctioned 2.5 MW Project for Spiti valley at Rongtong; and

(b) when the sanction has been accorded and by when the work will start?

----

## Vacancy Position

***3855 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many Government Senior Secondary, High and Middle Schools are there in District Chamba; (details be given constituency-wise); and

(b) how many posts of all categories are lying vacant and since when; school-wise details be given?

----

## हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट

***3856 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला चम्बा के चुराह में जिन कंपनियों को hydro power projects आबंटित किए गए हैं; उनके नाम व पते की सूचना सभा पटल पर रखें?

----

## विधायक विकास निधि

***3857 श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत

किन-किन विकास कार्यों के लिए धनराशि दी जा सकती है; सरकार द्वारा जारी की गई अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## विद्युत परियोजनाएं

*3858 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी निजी विद्युत परियोजनाएं पूर्ण होकर विद्युत उत्पादन कर रही हैं; इन परियोजनाओं से कितने गांवों को क्षति पहुंची है; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार को इन परियोजनाओं से कितना राजस्व प्राप्त हो रहा है; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की मरम्मत

*3859 **श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन माह में इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न सड़कों की मरम्मत हेतु सरकार ने क्या पग उठाए हैं; ब्यौरा दें?

----

## ग्रेड-पे विसंगति

*3860 **श्री संजय रतन (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में शिक्षा विभाग में कार्यरत अध्यापकों की पदोन्नति पर ग्रेड-पे (Grade-Pay) कम हो जाती है;

(ख) यह भी सत्य है कि उन्हें पदोन्नति पर भी दो साल के उपरान्त अगली ग्रेड-पे (Grade-Pay) दी जाती है; और

(ग) यदि हां, तो इस विसंगति को दूर करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## सब-स्टेशन की स्थापना

*3861 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि कुल्लू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में दड़का नामक स्थान पर लगघाटी

में 33 के0वी0 सब-स्टेशन स्थापित करने हेतु वन संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र (NOC) केन्द्र सरकार के देहरादून स्थित कार्यालय से प्राप्त हो चुका है; और

(ख) यदि हां, तो कब?

----

## पारितोषिक वितरण समारोह

***3862 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा क्या प्रदेश के सरकारी व निजी विद्यालयों में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है;

(ख) सरकार द्वारा क्या इस बारे कोई नियम निर्धारित किए गए हैं; यदि हां, तो प्रति अधिसूचना सहित सभा पटल पर रखें; और

(ग) गत एक वर्ष में प्रदेश के किन-किन सरकारी विद्यालयों में कब-कब वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किए गए; ब्यौरा मुख्य अतिथि के नाम व पद सहित दें?

----

## स्ट्रीट लाइटें

***3863 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटों को किस कम्पनी द्वारा सप्लाई किया गया है और इन्हें खरीदने के लिये क्या प्रक्रिया अपनाई गई;

(ख) इनकी प्रति लाइट कितनी कीमत अदा की गई; और

(ग) यह सत्य है कि बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ में लगाई गई लाईटों की रोशनी बहुत कम है; यदि हां, तो क्या सरकार इनको बदलने हेतु मामला कम्पनी से उठाएगी?

----

## प्रदूषण का प्रभाव

***3864 डॉ0 राजीव सैजल (कसौली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार ने क्या ट्रैफिक प्रबंधन में कार्यरत पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य पर प्रदूषण के प्रतिकूल प्रभाव का अध्ययन किया है; और

(ख) यदि नहीं, तो क्या सरकार स्वास्थ्य विभाग के साथ मिल कर इस पर अध्ययन करवाने का विचार रखती है?

----

## शिक्षण संस्थानों का उन्नयन

*3865 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत चार वर्षों में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने शिक्षण संस्थानों का उन्नयन किया गया; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) इन शिक्षण संस्थानों में अध्यापकों के कितने पद भरे हुए हैं और कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

----

## नई पाठशालाएं

*3866 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत चार वर्षों में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई पाठशालाएं खोली गईं, कितनी स्तरोन्नत की गईं; ब्यौरा पाठशालाओं के नाम सहित दें;

(ख) इन पाठशालाओं में क्या विद्यार्थियों को बैठने की उचित व्यवस्था है; और

(ग) इन पाठशालाओं में अध्यापकों के कितने पद रिक्त हैं और इन्हें भरने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## मजदूरों का ई0पी0एफ0

*3867 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में लोक निर्माण विभाग में कार्यरत "डी" क्लास ठेकेदारों को अपने मजदूरों का ई0पी0एफ0 जमा करवाना पड़ता है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करेगी; और

(ग) यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## बर्फ हटाने पर व्यय

***3868 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत दो माह में प्रदेश में भारी बर्फबारी के कारण सड़कों को बहाल करने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) बर्फ हटाने के लिए कितनी जे0सी0बी0 विभाग द्वारा तथा कितनी प्राइवेट लगाई गईं; ब्यौरा मंडलवार दें?

----

## सरकार द्वारा लिया गया ऋण

***3869 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 4 वर्षों में प्रदेश सरकार ने विभिन्न बैंकों, संस्थाओं, बोर्डों व निगमों से कितना ऋण लिया है; ब्यौरा सभा पटल पर रखें?

----

## अग्निशमन केन्द्र

***3870 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत पतलीकूहल में अग्निशमन केन्द्र खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक; इस सन्दर्भ में गत चार वर्षों में विभाग और सरकार के मध्य क्या-क्या पत्राचार हुआ; प्रतियां सभा पटल पर रखें?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

***3871 श्री सुरेश कुमार(पच्छाद) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत चार वर्षों में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितनी नई पाठशालाएं खोली गईं और कितनी का उन्नयन किया गया; ब्यौरा पाठशालाओं के नाम सहित दें;

(ख) इन पाठशालाओं में कितने-कितने पद स्वीकृत हैं और कितने भरे हुए हैं;

(ग) इन पाठशालाओं में कितने-कितने बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं; ब्यौरा पाठशालावार दें; और

(घ) ऐसी कितनी पाठशालाएं हैं जिनके अपने भवन नहीं हैं; सरकार इन पाठशालाओं हेतु कब तक भवन निर्माण करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## रोजगार उपलब्ध करवाना

***3872 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत चार वर्षों में जिला सिरमौर में सरकारी व अर्ध-सरकारी क्षेत्र में कितने लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया; ब्यौरा पद व रोजगार की श्रेणीवार दें;

(ख) इन नौकरियों में क्या आरक्षण का प्रावधान किया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ग) जिला सिरमौर में भर्तियों के कितने मामले न्यायालय में पंजीकृत हुए व कितने मामलों में फैसला भर्ती के विरूद्ध हुआ; ब्यौरा दें?

----

## Development of Tourism

***3873 Sh. Ravi Thakur (Lahaul & Spiti):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that after opening of Rohtang Tunnel the in-flow of Tourists will increase manifold in District Lahaul & Spiti;

(b) if yes, has the Government taken any steps to develop necessary infrastrucure to attract tourist to the valley;

(c) whether the Government is also proposing to develop Air strips, camping and paying guest houses for locals; and

(d) whether the Government plans to send a team of experts to the District for survey and preparing a Master Plan in the public interest?

----

## एस0पी0ओ0 की नियुक्तियां

***3874 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) प्रदेश में कितने एस0पी0ओ0 पुलिस विभाग में कब-कब से कार्यरत हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार क्या एस0पी0ओ0 को स्वास्थ्य-कार्ड जारी कर रही है; यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो कारण?

----

## सड़क सुविधा

***3875 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार की बैजनाथ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की ग्राम पंचायत बड़ा भंगाल को सड़क सुविधा से जोड़ने की योजना है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) जब तक यह क्षेत्र सड़क सुविधा से नहीं जोड़ा जाता है; सरकार क्या लोगों की सुविधा के लिए हैलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## कार्यालय की स्थापना

***3876 श्री मनोहर धीमान (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकार इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग का कार्यालय खोलने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

## जनजातीय क्षेत्र घोषित

***3877 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि दिनांक 10 अप्रैल, 2015 को सदन में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने का मामला उठाया गया था;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उत्तर में कहा था कि जैसे ही संयुक्त रिपोर्ट जनजातीय अध्ययन संस्थान व विश्वविद्यालय शिमला से प्राप्त होगी, उसके परीक्षण के उपरांत आगामी कार्रवाई की जाएगी; और

(ग) यदि रिपोर्ट प्राप्त हो गई है, तो सरकार ने क्या कार्रवाई की है; ब्यौरा दें?

----

## भवन निर्माण

***3878 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोयला व बरोटीवाला में सांइस ब्लॉक के भवनों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) इन भवनों का निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा?

----

## विकास निधि

***3879 श्री बिक्रम सिंह जरयाल(भटियात) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 15 फरवरी, 2017 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी धनराशि विकास कार्यों के लिए विधायक निधि से स्वीकृत की गई व कितनी धनराशि सांसद निधि के रूप में प्राप्त हुई; ब्यौरा वर्षवार व्यय की गई धनराशि सहित दें; और

(ख) ऐसे कितने कार्य हैं जिस हेतु धनराशि स्वीकृत की गई थी परन्तु व्यय नहीं की गई है और ऐसे कितने कार्य हैं जिनकी अदायगी करनी शेष है; ब्यौरा कार्यवार दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 28 फरवरी, 2017.** **सचिव।**